# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में एसजीयू स्पर्धा के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय एस.जी.यू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया, जहाँ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, गवर्निंग बॉडी सदस्य राजीव अग्रवाल, प्रो चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो चांसलर (एकेडमिक्स) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन शामिल थे।



कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। खेलों से अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता बढ़ती है और विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं।

प्रो चांसलर (एकेडमिक्स) विमल शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेना भी जरूरी है। ऐसे आयोजन युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्हें आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों के संबोधन के साथ हुई। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस वर्ष की थीम ''देने से ही प्राप्ति होती है'' के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डॉ पूजा सेठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही जो एबीवीआईएमएस अस्पताल एवं डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल उप-मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। डॉ पूजा सेठी भारतीय फिजियोथेरेपी संघ (दिल्ली शाखा) की भी अध्यक्ष हैं। डॉ एम थंगराज ने बताया कि आईटीएस फिजियोथेरेपी ओपीडी में महिला स्वास्थ्य जागरूकता वं उपचार शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिला रोगियों को फिजियोथेरेपी उपचार पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से इस सफल आयोजन के लिए आईटीएस-दि एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन, सहयोग और प्रेरणा के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। उनके इस सराहनीय मार्गदर्शन से ही संस्थान में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो पाता है।



# रालोद ने की नवनियुक्त पदाधिकारीयों को घोषणा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी राष्ट्रीय महासचिव संगठन, विशिष्ठ अतिथि रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का बुके देकर और माला पहनाकर संगठन के सभी नेतागणों ने स्वागत किया गया। रोहित अग्रवाल ने वरिष्ठ उद्योग. पति प्रभात गर्ग को व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष गाजियाबाद नियुक्त किया व सभी व्यापारी भाइयों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रभात गर्ग के साथ आलोक गोयल, देवेंद्र गर्ग, आयुष गोयल, शिवमोहन अग्रवाल आदि बहुत से व्यापारियों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश कंसल ने भी अपने बहुत से साथियों के साथ राष्ट्रीय लोक. दल की सदस्यता ग्रहण की। अर्बन कमेटी के उत्तर प्रदेश के संयोजक मेरठ मंडल प्रभारी इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नगर और महानगरों में पार्टी के विस्तार पर चर्चा की और अपना लक्ष्य निर्धारित समय में पूरा करने का एजेंडा पेश किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल चौधरी, रामपाल चौधरी रविन्द्र चौहान किशन राघव शेरसिंह मौर्य तुषार कौशिक, सुनील चौधरी आदि ने भी अपने सुझाव रखे राष्ट्रीय लोकदल को प्रत्येक बूथ तक प्रत्येक ब्लॉक तक प्रत्येक वार्ड तक कैसे मजबूत किया जाएगा और जो इच्छुक लोग हैं उनको पार्टी में जिम्मेदारी देकर कैसे जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसन राघव संजय बैंसला अमित त्यागी आर के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ संजीव अरोड़ा महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ राजू गौतम युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक दिनेश शर्मा शेरसिंह मौर्य महानगर महासचिव अनीता राजपूत महानगर उपाध्यक्ष रमन देवी सुमन अग्रवाल सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# गणेश हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**■ बिराज फाउंडेशन व उज्जवल भारत मिशन के सहयोग से सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शालीमार सिटी क्षेत्र में गणेश हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शि. विर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिराज फाउंडेशन एवं उज्जवल भारत मिशन के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

शिविर का उद्घाटन गणेश हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ. प्रतीक शर्मा और डॉ. मोनिशा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोग समय रहते अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करा सकें और गंभीर बीमारियों से बचाव कर सकें। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के लिए फिजिशियन परामर्श, डेंटल कंसल्टेशन, पीएफटी, ईसीजी, हाइट, वेट, बीपी तथा शुगर की जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह भी दी।



कार्यक्रम में बिराज फाउंडेशन के संस्थापक बिराज सिंह, जयशंकर रॉय, गिरीश गुप्ता, उमेश शर्मा, पल्लवी भारद्वाज और मनोज अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि शि. विर में सैकड़ों लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और इस पहल की सराहना की।

स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आम जनता के लिए बेहद लाभदायक साबित होते हैं, विशेषकर उन लोगों के लिए जो नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।

# महिला दिवस पर पीएचसी भोजपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह जी के द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित टीकाकरण तथा परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानका. रियां दी गईं। साथ ही विमेंस हेल्प लाइन नंबर शेयर किए गए। ओर साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सामग्री वितरित की गई और उन्हें अपने परिवार एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियो की समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। डॉ रवि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर द्वारा कहा कि महिलाओं का सशक्त और स्वस्थ होना समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के स्वास्थ्य कर्मियों, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# नशे के सौदागरों के द्वारा प्रमोद यादव की हत्या का प्रयास

**■ आज सोपेंगे डीएम को ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रमोद यादव जो चाकू से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं, वह मुख्यमंत्री योगी जी को संबोधित करते हुए आज ज्ञापन सोपेंगे। प्रमोद यादव आज एंबुलेंस के द्वारा स्ट्रेचर पर ही पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचेंगे और अपने रक्त से योगी जी को एक संक्षिप्त पत्र लिखकर अपने न्याय की गुहार लगाएंगे। आपको बता दे कि नगर कोतवाली थाना क्षेत्र की सराय नजर अली में पीर के पास तीन मार्च की रात में नशे से सौदागरों ने एक युवक प्रमोद यादव उर्फ मोनू को चाकू से गोदकर हत्या का प्रयास किया। प्रमोद यादव अस्पताल में भर्ती हैं और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों की ओर से चार लोगों रवि उर्फ प्रिंस पुत्र निरंजन, सूरज, जतिन पुत्रगण छोटू और राजा समेत एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों जतिन और प्रिंस को बुधवार सुबह ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन गुरुवार शाम तक भी उनके पास से हथियार भी बरामद नहीं किया गया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की बदमाशों से मिलीभगत है। जिसके चलते पुलिस बदमाशों के पास से हथियार बरामद नहीं कर रही है, जिससे उन्हें आसानी से जमानत मिल सके। परिजनों का आरोप है कि पुलिस कमिश्नर तो कमिश्नरेट में नशा मुक्ति ऑपरेशन चला रहे हैं जबकि बजरिया चौकी प्रभारी नशे के सौदागरों के साथ मिलकर क्षेत्र में खुलेआम मादक पदार्थों की बिक्री करवा रहा है। प्रमोद यादव पर हमले में शामिल चारों लोग भी मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री करते हैं। इसकी पूरी जानकारी बजरिया चौकी प्रभारी को है, लेकिन वह नशे से सौदगरों के खिलाफ न तो कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना ही भेज रहा है। बीट पुलिस अधिकारी और बीट उपनिरीक्षक भी नशे के सौदागरों से उगाही में व्यस्त हैं। वादी नरेश यादव के अनुसार वह अपने भाई प्रमोद यादव के साथ होलिका दहन में शामिल होने गए थे।



# शॉर्ट सर्किट से मारुति वैन में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शॉर्ट सर्किट से मारूति वैन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

मौहल्ला बसंतगढ़ में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मारुति वैन में एलपीजी उपकरण की रिपेयरिंग करते समय अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया और वाहन में आग लग गई। देखते ही देखते वैन से धुआं और लपटें उठने लगी, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पानी और अन्य साधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि वाहन को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### विजया स्वप्न फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस के अवसर पर

# मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशाल सैनिटरी पैड का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विजया स्वप्न फाउंडेशन द्वारा सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता (डमदेजतनंस भ्लहपमदम) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक अनोखी पहल करते हुए एक विशाल सैनिटरी पैड संरचना तैयार की गई, जो एक सामूहिक जनभागीदारी कार्यक्रम था। इस विशेष अभियान में 25 से अधिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम ममता शर्मा, निदेशक एवं संस्थापक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस सैनिटरी पैड संरचना की लंबाई लगभग 50 और चौड़ाई 44 रखी गई तथा इसे बनाने में लगभग 9000 सैनिटरी पैड का उपयोग किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में मासिक धर्म से जुड़े विषयों पर जागरूकता फैलाना और इससे जुड़े सामाजिक संकोच व भ्रांतियों को दूर करना है।



कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इस संरचना में उपयोग किए गए सभी सैनिटरी पैड कार्यक्रम के बाद जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं और किशोरियों को वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकें। इस पहल के माध्यम से विजया स्वप्न फाउंडेशन समाज में महिला स्वास्थ्य, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हमला करने के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम मे पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला निवासी सुमन देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी मुकदमेबाजी के चलते गांव के ही कुछ लोग रंजिश रखते हैं। आरोप है कि 3 मार्च की शाम कमल, कपिल, मूलचंद तथा चमन पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम भिक्कावाला ने उनके पति राजेन्द्र कुमार को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बताया गया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल राजेन्द्र कुमार को परिजन पहले थाने ले गए और बाद में उपचार के लिए सीएचसी धामपुर ले जाया गया।

गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

वहीं थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



**मोदीनगर। तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद एडीएम, एसडीएम, एसीपी, नायब तहसीलदार, बीडीओ आदि कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के महिला सशक्तिकरण प्रकल्प संतुलन के अंतर्गत दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, शाखा में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ! संस्थान का महिला सशक्तिकरण प्रकल्प - 'संतुलन' भारत के अग्रणी महिला सशक्तिकरण अभियानों में से एक है।

लगभग 70,000 समर्पित महिला स्वयंसेवकों एवं 4,000 से अधिक प्रशिक्षित साध्वी काउंसलरों की टीम के साथ, श्संतुलनश भारत के साथ-साथ विदेशों में भी महिलाओं के सम्मान, लैंगिक समानता तथा समग्र सशक्तिकरण हेतु कार्यरत है। यह अभियान कॉर्पोरेट संगोष्ठियों, लाइव वेबिनार, संस्थागत कार्यशालाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों, जन-जागरूकता अभियानों, सहयोगी कार्यक्रमों एवं रोड-शो तथा रैलियों जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य कर रहा है।




दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी विदुषी श्वेता भारती ने बताया कि नारी सृजन, पोषण और परिवर्तन की शक्ति है। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज द्वारा संस्थापित और संचालित - दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, विश्व में शांति एवं बंधुत्व की स्थापना हेतु कार्यरत एक सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थान है। यह संस्थान अपने नौ मुख्य प्रकल्पों द्वारा समाज में व्यापक परिवर्तन ला रहा है - महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम; साक्षरता अभियान, सम्पूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम, नशा उन्मूलन कार्यक्रम; पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम; भारतीय देसी गौ संवर्धन एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम; आपदा प्रबंधन कार्यक्रम; बंदी सुधार कार्यक्रम और नेत्रहीन एवं दिव्यांगों का सशक्तिकरण कार्यक्रम।

